भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1842

दिनांक 31.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छता पखवाड़ा 2025

1842. श्री विनोद लखमशी चावड़ाः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री भोजराज नागः
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवाः
श्री अनुराग शर्माः
श्री अरुण गोविलः
श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री दर्शन सिंह चौधरीः
श्री देवुसिंह चौहानः
डॉ. प्रशांत यादवराव पडोलेः
श्री मितेश पटेल (बकाभाई):
श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः
श्री अनुराग सिंह ठाकुरः
श्री महेश कश्यपः
श्री प्रवीण पटेलः
श्री मनोज तिवारीः
श्री खगेन मुर्मुः
श्री सुरेश कुमार कश्यपः

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के दौरान मुख्य कार्यकलाप और ध्यान केंद्रित किए जाने वाले मुख्य क्षेत्र कौन-कौन से हैं और विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से उक्त अभियान में कुल कितने अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया है;

(ख) स्वच्छता संबंधी सतत पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के दौरान क्या विशिष्ट पहले/प्रयास किए गए हैं; और
(ग) मंत्रालय ने उक्त अभियान के पश्चात् सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए किस प्रकार सतत प्रयास सुनिश्चित किए हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा एक पहल है। यह कार्यक्रम अप्रैल 2016 में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को शामिल करके स्वच्छता के मुद्दों तथा व्यवहारों पर गहन ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। मंत्रालयों/विभागों के बीच पखवाड़े के कार्यकलापों की योजना बनाने में सहायता के लिए प्रत्येक वर्ष एक वार्षिक कैलेंडर अग्रिम रूप से परिचालित किया जाता है। इस वर्ष भी, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) ने वर्ष 2025 का स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के लिए केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के लिए एक स्वच्छता पखवाड़ा कैलेंडर तैयार किया है।

(ख) और (ग) नोडल विभाग होने के नाते, डीडीडब्ल्यूएस ने स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के लिए सुझावात्मक गतिविधियों को निर्धारित किया है। मंत्रालयों/विभागों को अन्य बातों के साथ-साथ अपने संबंधित समुदायों और परितंत्रों में वास्तविक श्रमदान गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी जाती है, जिससे उनके संबंधित संगठनों तथा अधीनस्थ कार्यालयों में स्वच्छता के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलता है। वे कार्यालय में स्वच्छता गतिविधियों और सोसाइटी/समुदाय में वास्तविक स्वच्छता गतिविधियों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। डीडीडब्ल्यूएस मंत्रालयों/विभागों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस और समर्पित स्वच्छता पखवाड़ा पोर्टल पर नवीनतम सूचना को ट्रैक करने के माध्यम से नियमित रूप से प्रगति की निगरानी करता है ताकि निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

*****